ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020)
26126816, 261283436
रेलवे – 62731

छात्रावास – डी ओ टी
(020) 26130579
रेलवे – 62101, 62158

फैक्स : 020-26128677 रेलवे: 55860
ई–मेल : mail@iricen.gov.in
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 22 | अंक – 87 | अक्टूबर – दिसंबर 2018

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. इरिसेन दिवस समारोह
2. इरिसेन में प्रशिक्षित अधिकारियों का मेडल, शील्ड एवं ट्रॉफी द्वारा सम्मान
3. IPWE (आई) पुणे के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में पूर्व सद. इंजी., रेलवे बोर्ड का इरिसेन दौरा
4. इरिसेन में प्रशिक्षण सुविधाओं में उन्नति
5. मेघालय के महामहिम राज्यपाल का संस्थान दौरा
6. सतर्कता जागरूकता सप्ताह
7. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
8. स्वागत/विदाई

इरिसेन परिवार सभी पाठकों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता है और भरपूर ज्ञान समृद्धि की कामना करता है ।

ज्ञानदीप के 22 वें वर्ष का यह आखिरी अंक प्रस्तुत करते हुए हमें अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है । वर्ष समाप्ति मुख्यत: समीक्षा एवं आत्मावलोकन करने का समय होता है । वर्ष 2018 के दौरान इरिसेन ने सफलता के नए–नए आयाम तय करते हुए अनेक उपलब्धियां भी अर्जित की हैं ।

संस्थान में गत वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं जिसमें प्रशिक्षण को अधिक कार्यक्षम बनाने हेतु प्रयोगशाला का डिजिटलाइजेशन तथा पाठ्यक्रम योजना बनाने से लेकर समय सारिणी बनाने तक की प्रक्रिया का कंम्प्यूटरीकरण किया गया है । ग्रंथालय में पुस्तकों की सुलभ उपलब्धता हेतु लाइब्रेरी में e-Granthalya सॉफ्टवेयर 2016 में कार्यान्वित किया गया था । वर्तमान में कंम्प्यूटर के माध्यम से किताबें सर्च करने की सुविधा उपलब्ध करायी गई है। प्रशिक्षुओं के लिए अद्यतन सुविधाओं में क्लास रूम में इंटरेक्टिव पैनल जिसमें लेक्चर देने की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करने के लिए नया डिजिटल इंटीग्रेटेड पोडियम व्याख्यान कक्ष में लगाया गया है साथ ही 98 इंच की डिजिटल स्क्रीन लगाई गई है ।

ICCFG, पंचगणी के साथ मिलकर रेलवे के 57 अधिकारियों को सत्य निष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत ICCFG Facilitator द्वारा प्रशिक्षित किया गया। संस्थान ने रेलवे के प्रशिक्षुओं के अलावा CME (College of Military Engineering) के 70 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित करेगा ।

संस्थान की समग्र गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा 'ज्ञानदीप' सूचना पत्र के माध्यम से हम आप तक पहुंचाते रहे हैं । भविष्य में भी निरंतर नई उंचाइयों तक पहुंचना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है । आपकी प्रतिक्रिया एवं अमूल्य सुझाव का इंतजार है.....

– संपादकीय

1. इरिसेन दिवस समारोह

इरिसेन में दिनांक 23 नवंबर, 2018 को इरिसेन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया । इरिसेन दिवस के शुभ अवसर पर सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड, माननीय श्री विश्वेश चौबे एवं महानिदेशक, भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी (NAIR) श्री प्रदीप कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे ।

श्री विश्वेश चौबे एवं श्री प्रदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । श्री चौबे के साथ श्री प्रदीप कुमार एवं श्री अजय गोयल, निदेशक इरिसेन मंच पर उपस्थित थे । श्री एम.एस. एकबोटे, सेवानिवृत्त अपर सदस्य सिविल इंजी. रेलवे बोर्ड, श्री गोपाल कृष्ण, सेवानिवृत्त अपर सदस्य (कार्य), रेलवे बोर्ड, श्री जी.एन. फडके, सेवानिवृत्त महाप्रबंधक, श्री एस.डी. लिमये, सेवानिवृत्त मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य गणमान्य सेवारत एवं रिटायर्ड अधिकारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई ।

श्री अजय गोयल, निदेशक, इरिसेन ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया । अपने संबोधन में आपने इरिसेन जो पहले से ही एक उच्च स्तर का संस्थान है उसे और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के संबंध में बात कही। गतिशील नेतृत्व और मार्गदर्शन के तहत, इरिसेन विशेष रूप से प्रोबेशनरी



अधिकारियों के विकास के लिए सदैव कार्यरत रहेगा । आपने अपने इरिसेन में प्रोबेशन अवधि के समय को याद किया और उस दौरान हुए बदलाव को सबके समक्ष रखा ।

संरक्षक
अजय गोयल
निदेशक
भा.रे.सि.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
शरद कुमार अग्रवाल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक पुल

संपादक
राजू पाल
वरिष्ठ अनुवादक
सहयोग–उदय ताजणे, व.अनुवादक



श्री प्रदीप कुमार, महानिदेशक, (NAIR) ने अपने संबोधन में इरिसेन में वर्तमान में प्रयोगशाला एवं ग्रंथालय में किए गए उन्नत कार्यों की सराहना की। प्रत्येक संस्थान में किए गए उन्नत कार्यों को आपस में शेयर कर सकें । 1992 बैच के अधिकारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने और इरिसेन परिवार को बधाई दी । आप ने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा सभी केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थानों को एकत्रित करने का उद्देश्य था कि अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेस को आपस में जान सकें और प्रोबेशनर्स तक इस ज्ञान को बांटा जा सके ।



श्री विश्वेश चौबे, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने 61 वें इरिसेन दिवस पर उपस्थित अधिकारियों को इरिसेन दिवस की शुभकामनाएं दी। आपने रेल सेवा में सेवारत 1992 बैच के अधिकारियों को 25 वर्ष की सेवा पूरी करने और उनकी उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी । आपने बताया कि 25 वर्ष की रेल सेवा का अनुभव रेलवे को अवश्य ही उन्नति की ओर ले जाएगा । रेल संगठन में कार्य करना यह सभी के लिए एक सम्मान की बात है।



हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि इस सम्मान को बनाए रखने के लिए हम अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहे और नियमों का पालन करें अपने अधीनस्थों से सीखें और सिखाएं उनका मार्गदर्शन एवं सपोर्ट करें जिससे आपकी कार्यक्षमता बढ़ेगी । अपने कार्यक्षेत्र में निपुण रहें । साथ ही हमें बिल्डिंग बनाने के साथ–साथ इंसान बनाने का भी कार्य करना है । आपके द्वारा निर्मित सुदृढ़ संरचनाएं आपके उत्तरदायित्वों का बोध कराती हैं इसलिए सिविल इंजीनियरों को चुनौती भरे कार्यों के प्रति गौर्वान्वित होने का



अवसर प्राप्त होता है । अंत में आपने उपस्थित सभी अधिकारियों को सिल्वर जुबली बैच तथा पुरस्कार विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इरिसेन दिवस के शुभ अवसर पर सदस्य (सिविल इंजीनियरिंग), रेलवे बोर्ड श्री चौबे ने 1992 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों को सेवा की रजत जयंती के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा इरिसेन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का भी विमोचन किया गया ।

सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड श्री विश्वेश चौबे एवं श्री प्रदीप कुमार, महानिदेशक, (NAIR) द्वारा व्याख्यान कक्ष में **इंटरेक्टिव पैनल** का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर सभी संकाय सदस्य गण उपस्थित थे।

संस्थान को अपनी 25 वर्ष की रेल सेवा पूरी करने के उपलक्ष्य में 92 बैच के अधिकारियों ने छात्रावास के मनोरंजन कक्ष में एक प्रोजेक्टर एवं स्क्रिन प्रदान की।



इरिसेन दिवस के अवसर पर दि. 22 नवंबर, 2018 को **स्ट्रिमलाइनिंग ऑफ प्रोजेक्ट एंड डिलीवरी मैकेनिजम** विषय पर एक तकनीकी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सिल्वर जुबली बैच के अधिकारियों ने हिस्सा लिया । दूसरे सत्र में **इंफ्रास्ट्रक्चर मैन्टेनेन्स : प्रिपेरिंग फॉर नेक्स्ट लेवल** पर चर्चा की गई । सेमिनार में अध्यक्ष एवं सह अध्यक्ष के रूप में श्री एम.एस. एकबोटे, सेवानिवृत्त, अपर सदस्य सिविल इंजी. रेलवे बोर्ड, श्री आर. राजामणि, से.नि. रेल संरक्षा आयुक्त, श्री गोपाल कृष्ण, सेवानिवृत्त, अपर सदस्य (कार्य), रेलवे बोर्ड एवं श्री विनोद कुमार, से. नि. महाप्रबंधक, मेट्रो रेल उपस्थित थे ।



श्री अक्षय सक्सेना, CPM / RVNL / विशाखापटनम, डॉ. डी.वी. सुब्रह्मणियम, CPM / RVNL / चेन्नई, श्री बी.एन. भास्कर, मु.इं./नि. एवं श्री एस.पी.सिंह, मु.इं./नि., पू.सी.रेल, श्री एस.एन. जोशी, GM/Co-ord. / EC / DFCCIL श्री नवीन अग्रवाल, GM / RLD / New Delhi, श्री मुन्ना कुमार, CPM / RVNL / सिकंदराबाद, श्री एस. गोपालकृष्णन, से.नि. AM (W), रेलवे बोर्ड सह–लेखक श्री आर.के. शेखावत, व प्रा. इरिसेन, आईआरएसई बैच 1992 के अधिकारियों ने इस दौरान पेपर्स प्रस्तुत किए ।



इरिसेन दिवस की पूर्व संध्या पर भा.रे.इंजी. सेवा के परिवीक्षार्थियों द्वारा बड़े उत्साहपूर्वक एवं उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । जिसमें इरिसेन गुलदस्ते से छोटे–बड़े सभी प्रांतों से फूलों को अपनी रंगों एवं सुगंध को प्रसारित करने का अवसर मिला । विशेष रूप से कार्यक्रम के अंत में एक इरिसेन अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा **''पानी की समस्या''** यह लघु नाटिका का मंचन किया गया । इस कार्यक्रम का उपस्थित सभी दर्शकों ने लाभ उठाया । इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोजेक्ट श्री राजेश कुमार शेखावत ने किया ।

2. इरिसेन में प्रशिक्षित IRSE अधिकारियों का मेडल, शील्ड एवं ट्रॉफी द्वारा सम्मान

हर वर्ष संस्थान के स्थापना दिवस पर IRSE अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल, शील्ड तथा ट्रॉफी प्रदान किए जाते हैं । 61 वें इरिसेन दिवस पर भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा बैच 2014 के उत्कृष्टता प्राप्त परिवीक्षार्थियों को मेडल, शील्ड तथा ट्रॉफी प्रदान किए गए । सम्मान की जानकारी निम्नानुसार है :–



इरिसेन स्वर्ण पदक एवं आर. के. जैन रोलिंग शील्ड – यह स्वर्ण पदक एवं रोलिंग शील्ड संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि में आयोजित पाठ्यक्रमों, फील्ड पाठ्यक्रमों, Posting परीक्षा तथा General Performance तथा ट्रेनिंग में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले IRSE Probationer अधिकारी को प्रदान किया जाता है । यह शील्ड पूर्व अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री आर. के. जैन के सम्मान में स्थापित की गई है । भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा बैच 2014 की **श्री शबीन असफ, सहा. मंडल इंजी. कन्नुर मेन, दक्षिण रेल** को उत्कृष्ट परिवीक्षार्थी पदक से सम्मानित किया गया ।



इरक़ॉन स्वर्ण पदक एवं वी.के.जे.राणे, रोलिंग ट्रॉफी– यह स्वर्ण पदक इरक़ॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है तथा ट्रॉफी पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर इरक़ॉन के सम्मान में स्थापित की गई है । संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले Leadership, Sports और Cultural क्रिया कलापों में सर्वश्रेष्ठ General Performance के लिए IRSE Probationer अधिकारी को यह मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की जाती है । भारतीय रेल इंजीनियिरी सेवा बैच 2014 के **श्री कपिल गोयल, सहा. मंडल इंजी. फतेहपुर, उत्तर मध्य रेल** को मेडल एवं वी.के.जे. राणे, रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया ।

आलोक जैन, मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी एवं वी. सी. पद्मनाभन नकद पुरस्कार ₹ 2000– यह ट्रॉफी वर्ष 1988 परीक्षा के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी स्वर्गीय श्री आलोक जैन की स्मृति में प्रदान की जाती है । श्री आलोक जैन जब ड्युटी पर थे, तो एक दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। यह ट्रॉफी उनके सहपाठियों द्वारा स्थापित की गई है। यह ट्रॉफी संपूर्ण



प्रशिक्षण अवधि में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले IRSE Probationer अधिकारी को प्रदान की जाती है तथा पुरस्कार पूर्व सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड, श्री वी.सी. पद्मनाभन के सम्मान में स्थापित किया गया है । भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा बैच 2014 के **श्री अमन गुप्ता, सहा. मंडल इंजी. सहारनपुर, उत्तर रेल** को आलोक जैन, मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया ।

समेकित पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारियों को IPWE (I) **स्वर्ण पदक/रजत पदक** से सम्मानित किया गया। यह पदक IPWE (I) इरिसेन पुणे द्वारा स्थापित किया गया है । **स्वर्ण पदक** से सम्मानित श्री सुनिल कुमार चौधरी, XEN/TMC /LINE/NR, श्री शैलेश कुमार, DEN / Thanabihpur / ECR, श्री राजनिश कुमार रंजन, DEN/South/नागपुर, श्री कुमार पंकज शर्मा, DEN(BR) / वलसाड़ पाठ्यक्रम संख्याक क्रमश: 17102, 17103, 18101, 18102 है। **रजत पदक** से सम्मानित श्री सुनिल कुमार चौधरी, XEN/TMC/ LINE/NR, श्री दिपक गोगई, DEN-II/मालीगांव, श्री ब्रजेश कुमार दुबे, DEN-II / कटिहार, श्री टारजन एलेक्सो, ADEN नि./जूहीनगर पाठ्यक्रम संख्या क्रमश: 17102, 17103, 18101,18102 है ।

समारोह में मुख्य अतिथि एवं द्वारा 1992 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह तथा वर्ष में समेकित पाठ्यक्रमों के उत्कृष्ट प्रशिक्षु अधिकारियों को मेडल प्रदान किए गए ।



3. IPWE (आई) पुणे के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में पूर्व सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड का संस्थान दौरा

दिनांक 13 अक्टूबर, 2018 को पूर्व सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने संस्थान का दौरा किया । इस अवसर पर ''इंस्टिट्यूशन ऑफ परमनेंट वे इंजीनियर्स (इंडिया) इरिसेन चैप्टर'' के तत्वावधान में प्रोजेक्टस् की समय पर डिलीवरी में नैतिकता की भूमिका पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया ।

श्री एम.के. गुप्ता सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड ने प्रमुख बातें बताईं एवं उसके पश्चात रेलवे एवं प्रख्यात वक्ताओं ने पेपर्स प्रस्तुत किए । सेमिनार में पुणे



डिवीजन के अधिकारियों/पर्यवेक्षकों, पुणे कंन्सट्रक्शन यूनिट, इरिसेन के संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षु, रेलवे बोर्ड एवं पश्चिम रेल के प्रतिनिधि उपस्थित थे ।

4. इरिसेन में प्रशिक्षण सुविधाओं में उन्नति

इरिसेन द्वारा प्रकाशित पाठ्यक्रम कैलेंडर 2019 में प्रशिक्षण सुविधाओं को प्रशिक्षुओं तक सूचना पहुंचने एवं पत्राचार विलंब को टालने के दृष्टि से नई विशेषताएं शामिल की गई हैं । जैसे ट्रैक, ब्रिज एवं कार्य के लिए दो सप्ताह का ट्रेनिंग मॉडयुल एवं कार्य के विषयों सहित फील्ड वर्क से संबंधित जॉब्स्/स्कील पर विशेष सीखने पर अधिक जोर दिया गया है। जनवरी, 2019 से प्रारंभ होनेवाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में इरिसेन/एसएसटीडब्ल्यू अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के नामन के लिए ऑनलाईन Google शीट शेयर का प्रारंभ किया गया है। AM/CE एवं AM/W के पास भी अब यह गुगल शीट की लिंक उपलब्ध है जहां पर क्षेत्रीय रेलों की विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामन की स्थिति बोर्ड स्तर वास्तविक रूप के आधार पर देखी जा सकती है। वर्ष 2019 के लिए ''कोर्स प्लान मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर'' को बनाया गया है तद्नुसार नया कोर्स प्लान एवं पाठ्यक्रम कैलेंडर 2019 को तैयार एवं प्रक्रिया की गई है।

5. मेघालय के महामहिम राज्यपाल का संस्थान दौरा

दिनांक 23 नवंबर को मेघालय राज्य के राज्यपाल महामहिम श्री तथागत रॉय जी ने संस्थान का दौरा किया। आपने कोलकाता विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग की उपाधि 1966 प्राप्त की। आपने 1967 से 1990 तक भारतीय रेल को अपनी सेवाएं दी हैं। रेलवे के लिए अपने समर्पण के साथ-साथ विधि में भी



रूचि को दर्शाते हुए 1985 में कोलकाता विश्वविद्यालय से विधि स्नातक हुए। आपने महाप्रबंधक, राईटस लिमिटेड, मुख्य इंजीनियर मेट्रो रेल, कोलकाता में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है।

इरिसेन के लिए यह गर्व का विषय है कि आपने आईआरएसई परिवीक्षार्थी के रूप में इरिसेन से प्रशिक्षण ग्रहण किया उस समय संस्थान का नाम 'एडवान्स परमानेंट वे स्कूल' था। संस्थान में बीते हुए दिनों की यादें पुन: ताजा होने के कारण महामहिम राज्यपाल आनंदित हुए।

आपने संस्थान की ग्रीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया एवं नई तकनीक से सुसज्जित कंम्प्यूटर कक्षाएं, प्रयोगशाला, ग्रंथालय की जानकारी प्राप्त की। उसके पश्चात संस्थान में श्री प्रदीप कुमार, महानिदेशक/NAIR एवं श्री अजय गोयल, निदेशक/इरिसेन की उपस्थिति में सभी संकाय सदस्यों को संबोधित किया। महामहिम राज्यपाल जी ने 'एडवान्स परमानेंट वे स्कूल' से इरिसेन तक के इस लंबी यात्रा के पश्चात 'मॉडर्न स्टेट ऑफ द आर्ट ट्रेनिंग इन्स्टिट्यूट' के रूप में प्रगति पथ पर पहुंचाने की सराहना की ।

6. सतर्कता जागरुकता सप्ताह

संस्थान में दिनांक 29 अक्टूबर से 03 नवंबर, 2018 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया । सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर कर्तव्य के प्रति जागरूकता एवं सत्यनिष्ठा बनाए रखने के लिए दिनांक 29 अक्टूबर, 2018 को 11.00 बजे व्याख्यान कक्ष के सामने संकाय सदस्यों, प्रशिक्षु अधिकारियों, परिवीक्षार्थियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ग्रहण की । दिनांक 31.10.2018 को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ' इस विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के उपस्थिति सदस्यों द्वारा सराहना की गई ।

14. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र.	पाठ्यक्रम संख्या	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1.	19501	पीएसयू के लिए विशेष पाठ्यक्रम	14.01.19	18.01.19
2.	18306	PCE सेमिनार	17.01.19	18.01.19
3.	19001	ओरिएन्टेशन	21.01.19	25.01.19
4.	19401	ट्रैक मॉडयुल 1 इरिसेन कोर्स	21.01.19	01.02.19
5.	19803	ट्रैक मॉडयुल 3 एसएसटीडब्ल्यू कोर्स	21.01.19	01.02.19
6.	19804	ब्रिज मॉडयुल 2 एसएसटीडब्ल्यू कोर्स	21.01.19	01.02.19
7.	19301	राज्य के संयुक्त 1 उद्यमों का सेमिनार	28.01.19	29.01.19
8.	19302	EPC & PPP पर कार्यशाला	31.01.19	01.02.19
9.	19201	वरिष्ठ व्या. पाठ्यक्रम रेलपथ	04.02.19	01.03.19
10.	19101	समेकित पाठ्यक्रम	25.02.19	16.05.19
11	19405	सॉफ्टवेयर कोर्स	25.02.19	01.03.19
12	19407	मिडास सॉफ्टवेयर	18.03.19	29.03.19

15. स्वागत/विदाई



संस्थान में कार्यरत **श्री रमेश पिंजानी,** संकाय अध्यक्ष की पदोन्नति इरिसेन में ही उच्च, प्रशासनिक श्रेणी (NF) में हुई है। आपने दिनांक 17 सितंबर, 2018 को उच्च प्रशासनिक श्रेणी में पदभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई ।



संस्थान में कार्यरत **श्री महेश डेकाटे,** प्राध्यापक-ट्रैक प्रोक्योरमेंट की पदोन्नति इरिसेन में ही वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी (NF) में हुई है । आपने दिनांक 01 अगस्त, 2018 को वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में पदभार ग्रहण कर लिया है । इरिसेन परिवार की ओर से हार्दिक बधाई ।



श्री अ. सिवाकुमार, सह प्राध्यापक/रेलपथ-3 ने दिनांक 10 अक्टूबर, 2018 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप पश्चिम रेल में उप मुख्य इंजीनियर/ट्रैक प्लानिंग के पद पर कार्यरत थे। श्री सिवाकुमार 2007 बैच के प्रमोटी अधिकारी हैं । तत्पश्चात जनवरी 2019 में आपकी कनिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी में प्राध्यापक रेलपथ-3 के पद पर पदोन्नति हुई है । आपने अपने कैरियर की शुरूआत पीडब्ल्यूआई में वडोदरा मंडल से 1990 में की है। तदुपरांत आपने सहायक कार्यकारी इंजीनियर कोटा, चेन्नई तथा पश्चिम रेल, मुख्यालय में कार्यकारी इंजीनियर ट्रैक मॉर्डनाइजेशन इत्यादि विभिन्न पदों पर कार्य किया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है ।



इरिसेन में निदेशक के निजी सचिव के पद पर कार्यरत **श्री विजय कुमारन** दिनांक 31 अक्टूबर, 2018 को रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं । श्री विजय कुमारन कर्मशील एवं अपने कार्य के प्रति निष्ठावान रहे हैं । आपकी सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपको शुभकामनाएं देता है और आपके दीर्घायु जीवन एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है ।



संस्थान में वरिष्ठ खलासी के पद पर कार्यरत **श्री शंकर बापू थोरात** दिनांक 31 अक्टूबर, 2018 को रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं । आपकी सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है एवं आपको ढेर सारी शुभकामनाएं देता है ।



संस्थान में वरिष्ठ खलासी के पद पर कार्यरत **श्री हौसला प्रसाद लालता** दिनांक 31 दिसंबर, 2018 को रेल सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं । आपकी सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है एवं आपको ढेर सारी शुभकामनाएं देता है।

आपकी सफलता और खुशी आपके अंदर मौजूद है, अपने प्रशंसा व खुशी को बनाए रखने का संकल्प लें । – हेलेन केलर

शरद कुमार अग्रवाल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक पुल, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे-1
द्वारा केवल सीमित नि:शुल्क वितरण हेतु प्रकाशित

Design & Printed By Kalyani Corporation, Pune-30. Tel. 24486080